प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.11.2025/प्रादेशिक समाचार/0920 बजे

'' पहले मुख्य समाचार''

- राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु आज न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भारत के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाएंगी।
- प्रदेश मंत्रिमंडल की अहम बैठक आज शिमला में—शीतकालीन सत्र और सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल के कार्यक्रम को लेकर लिए जा सकते हैं महत्वपूर्ण निर्णय।
- पी.एम.सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शिमला की 10 पंचायतों का चयन।
- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी—चंबा जिला साच दर्रा बर्फबारी के सीजन के लिए बंद।

शपथ

राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु आज राष्ट्रापति भवन में न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भारत के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाएंगी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत देश के 53वें मुख्य् न्याययाधीश होंगे। वे न्यायमूर्ति भूषण आर. गवई का स्थान लेंगे, जो कल सेवानिवृत्त हो गये हैं। राष्ट्रपति ने 30 अक्तूबर को न्यायमूर्ति सूर्यकांत को देश का अगला मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया था। वे इस पद पर लगभग 15 महीनों तक रहेंगे और 65 वर्ष की आयु होने पर 9 फरवरी 2027 को सेवानिवृत्त होंगे।

अनुराग सिंह ठाकुर

महिलाओं को उद्यमिता के क्षेत्र में रोजगार, व स्वरोजगार से जोड़कर उनकों स्वावलंबी बनाने के लिए पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर के सहयोग से हमीरपुर में ऊंची उड़ान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 300 के करीब महिलाओं ने पहले दौर की ट्रेनिंग के लिए पंजीकरण किया जिसमें से 187 महिलाओं ने इसे सफलतापूर्वक पूरा किया । इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने इस पर कहा कि ऊँची उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से प्रयास है कि मातृशक्ति को उचित सम्मान मिले और वे आर्थिक रूप से सुरक्षित बनें। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिलाओं को सफल उद्यमी बनने की ट्रेनिंग भी दी गई है।

मंत्रीमंडल बैठक

प्रदेश मंत्रीमंडल की एक अहम बैठक आज मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में राज्य सचिवालय शिमला में आयोजित की जाएगी। बैठक में आगामी 26 नवबंर से शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र व इसमें लाए जाने वाले विधेयकों पर कैबीनेट मंजूरी मिलेगी। इसके अलावा बैठक में सरकार के तीन साल के कार्यकाल को लेकर होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर चर्चा की जाएगी। वहीं बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पड़े पदों को मंजूरी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लिए जा सकते है।

श्रम कानून–प्रतिक्रिया

श्रम संगठन समन्वय केन्द्र के राष्ट्रीय महासचिव शिव प्रसाद तिवारी ने श्रमसंहिता सुधारों का स्वागत किया है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक कदम बताया जिससे 45 करोड़ असंरक्षित श्रमिक सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाये जा सकेंगे और देश के कार्यबल मेंक्रांतिकारी बदलाव होगा।

कांग्रेस

हिमाचल के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में विनय कुमार की नियुक्ति के बाद अब प्रदेश में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की नियुक्ति के लिए सभी जिलों में ऑब्र्जवर नियुक्त किए गए हैं। प्रदेश प्रभारी रजनी पाटिल ने कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत प्रत्येक जिले में 3–3 ऑब्र्जवर नियुक्त किए हैं। प्रदेश में ये नियुक्त ये 36 ऑब्र्जवर सभी 12 जिलों के लिए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की प्रकिया आरम्भ करेंगे।

पी.एम सूर्या

केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी पी.एम. सूर्या घर मुफ्त योजना के तहत शिमला जिला की 10 पंचायतों का चयन किया गया है। चयनित पंचायतों को मॉडल सोलर विलेज के तौर पर तैयार किया जायेगा।

बाली

बिलासपुर के लुहणू मैदान में तीन दिवसीय जल तरंग जोश महोत्सव का समापन कल पर्यटन निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि यह महोत्सव प्रदेश का एक बेहतरीन उत्सव बना है तथा प्रदेश सरकार के पर्यटन विकास को बढ़ावा देने के प्रयासों में एक अहम कड़ी साबित होगा। बाली ने कहा कि प्रदेश के उत्सव व त्यौहार हमारी सांस्कृतिक धरोहर है तथा प्रदेश सरकार इन्हे नए जोश के साथ आगे बढ़ाने के प्रयास कर रही हैं। इस अवसर पर उन्होंने जिला प्रशासन द्वारा जल तरंग जोश महोत्सव की यादों को संजोने के लिए प्रकाशित स्मारिका का भी विमोचन किया।

उपायुक्त ऊना

ऊना जिले में कानून–व्यवस्था को मज़बूत बनाने और अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए उपायुक्त उना ने कल 3 महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए है। इन आदेशों में स्पष्ट किया गया है कि चाहे अवैध खनन हो, शराब परोसने वाले प्रतिष्ठानों की मनमानी हो या भारी वाहनों का बेतरतीब संचालन, अब किसी भी उल्लंघन को सुरक्षा के मद्देनजर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपायुक्त के अनुसार शांति, सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित प्रशासन की प्राथमिकता है। इन आदेशों के अनुसार जिले में चल रहे लाइसेंस प्राप्त बार, क्लब, पब और शराब परोसने वाले रेस्तरां रोजाना रात 10 बजे तक अनिवार्य रूप से बंद होंगे। वहीं जिले में स्वां नदी तथा उसकी सहायक नदियों के क्षेत्र में बिना अनुमति खनन पर पूर्ण रोक लगा दी गई है।

इसी प्रकार ऊना शहर में बढ़ते जाम और आम जनता की परेशानी को देखते हुए डीसी चौक से मैहतपुर बैरियर सड़क तक भारी वाहनों की आवाजाही को विनियमित किया है।

एंटी चिट्टा रैली

प्रदेश में राज्य सरकार का चिट्टे के खिलाफ अभियान जारी है और इसे लेकर अनेक स्थानों पर रैलियां निकाल कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। कांगड़ा ज़िले के रैत में कल स्वास्थ्य विभाग द्वारा एंटी चिट्टा जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर विधानसभा में उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल को नशामुक्त बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और चिट्टे के खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जा रही है।

मौसम

प्रदेश में मौसम लगातार शुष्क बना हुआ है, लेकिन तापमान में गिरावट ने पहाड़ों में सर्दी का असर और अधिक बढ़ा दिया है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के अनुसार आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में मौसम साफ बना रहेगा बावजूद इसके न्यूनतम तापमान लगातार गिरावट की संभावना बनी है। विभाग ने लोगों को सुबह–शाम कोहरे और ठंड से सावधानी बरतने की सलाह दी है।

चम्बा जिला के जनजातीय क्षेत्र पांगी को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाले साच दर्रे पर वाहनों की आवाहजाही आधिकारिक रूप से बंद कर दी गई है। समुद्र तल से करीब 14 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित साच दर्रा हर वर्ष बर्फबारी के मौसम में करीब 6 माह तक बंद रहता है। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बताया कि इस वर्ष भी दर्रे पर बर्फबारी और सड़क पर फिसलन के चलते प्रशासन ने ये कदम उठाया गया है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखता है–पंजाब पुनर्गठन कानून के तहत चंडीगढ़ पर हमारा भी हक।

उद्योगपतियों को भूमि आबंटन की जांच पर लगेगी मुहर शीर्षक से पंजाब केसरी लिखता है–मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की अध्यक्षता मे आज सचिवालय में होगी कैबिनेट की बैठक।

हिमाचल में रेबीज फ्री स्टेट बनाने को लेकर स्ट्रे डॉग कैट पॉलिसी तैयार–आवारा कुत्तों को डॉग शेल्टर होम में ही करवा सकेंगे फीडिंग, बिल्लियों का भी किया जाएगा टीकाकरण दैनिक भास्कर की एक खबर है।

भाखड़ा बांध में कई वर्षो से बढ़ते झुकाव पर चिंता व्यक्त करते हुए दैनिक जागरण लिखता है–राष्ट्रीय बांध डिजाइन समिति ने 9 वर्ष पहले दी थी चेतावनी हल्के में न ले झुकाव।

मौसम पर पंजाब केसरी की सुर्खी है–लाहौल स्पीति के ताबो में रही सीजन की सबसे ठंडी रात, इस महीने प्रदेश में 91 फीसदी कम बरसे मेघ।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राष्ट्रंपति द्रौपदी मुर्मु आज  न्यायमूर्ति सूर्यकांत को भारत के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ दिलाएंगी।
- प्रदेश मंत्रिमंडल की अहम बैठक आज शिमला में–शीतकालीन सत्र और सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल के कार्यक्रम को लेकर लिए जा सकते  हैं महत्वपूर्ण निर्णय।
- पी.एम. सूर्या घर मुफ्त बिजली योजना के तहत शिमला की 10 पंचायतों का चयन।
- प्रदेश में शुष्क ठंड का दौर जारी–चंबा जिला साच दर्रा बर्फबारी के सीजन के लिए बंद।